प्रेस विज्ञप्ति

गो.ब. पन्त कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय,
पन्तनगर, जिला–ऊधमसिंह नगर (उत्तराखण्ड)

विकसित भारत@2047 के उपलक्ष्य में पारितोषिक वितरण समारोह का आयोजन

पन्तनगर। 17 फरवरी 2024। विकसित भारत@2047 के उपलक्ष्य में आयोजित भाषण प्रतियोगिता, रंगोली प्रतियोगिता, पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता एवं निबंध लेखन प्रतियोगिता का पारितोषिक वितरण समारोह आज पशुचिकित्सा एवं पशुविज्ञान महाविद्यालय में आयोजित किया गया। समारोह के दौरान अधिष्ठाता पशुचिकित्सा एवं पशुविज्ञान महाविद्यालय डा. एस.पी. सिंह, अधिष्ठाता छात्र कल्याण डा. बृजेश सिंह एवं डा. मीना मृगेश स्टाफ काउंसलर वेटनरी सोसाइटी उपस्थित थे। प्रतियोगिताओं में पशुचिकित्सा एवं पशुविज्ञान महाविद्यालय के विद्यार्थियों के अलावा विश्वविद्यालय के अन्य महाविद्यालयों के विद्यार्थियों ने भी प्रतिभाग किया गया। विकसित भारत@2047 के अंतर्गत आयोजित भाषण प्रतियोगिता में आयान सिंह प्रथम, अदिति रावत द्वितीय एवं पारितोष गौतम तृतीय स्थान पर रहे। रंगोली प्रतियोगिता में प्रेरणा कुमारी का ग्रुप प्रथम, निकिता बिष्ट का ग्रुप द्वितीय और भुमिका बिष्ट का ग्रुप तृतीय स्थान पर रहा। पोस्टर प्रजेन्टेशन कम्पटीशन में वानी गहतोड़ी प्रथम, दिविषा भट्ट एवं देव राजपूत द्वितीय एवं गायत्री त्यागी तृतीय स्थान पर रहे। निबन्ध लेखन प्रतियोगिता में वेटनरी महाविद्यालय की निकिता भट्ट प्रथम एवं कम्यूनिटी साइंस महाविद्यालय की वैशाली सुयाल द्वितीय स्थान पर रही। तृतीय स्थान देवाशीष महन्त एवं आकांक्षा राठी का रहा। इसके अतिरिक्त रेबीज दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित स्लोगन मेकिंग प्रतियोगिता तथा पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता के विजयी प्रतिभागियों को भी पारितोषिक वितरण किया गया। रेबीज दिवस के पोस्टर कम्पटीशन में चित्रा बजेठा, समृद्धि चनयाल, मनीषा सिंह क्रमशः प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान पर रहे। स्लोगन लेखन में दिव्यांशी चन्याल, विनिता पांडे प्रथम और द्वितीय एवं आस्था चन्द्र, भुमिका बिष्ट तृतीय स्थान पर रहे। विजिलैंस अवेयरनेस वीक के दौरान 'युवाओं के द्वारा युवाओं के लिए हमारी पीढ़ी में भ्रष्टाचार उन्मूलन' विशय पर आयोजित भाषण प्रतियोगिता के विजयी प्रतिभागियों को भी पारितोषिक वितरण किया गया। इस भाषण प्रतियोगिता में अंग्रेजी वर्ग आयान सिंह, आस्था चन्द्र प्रथम और द्वितीय स्थान पर रहे एवं तमन्ना जोशी और अंजली सती हिन्दी वर्ग में प्रथम व द्वितीय स्थान पर रहे। पारितोषिक वितरण समारोह में सोसाइटी के चेयरमैन अपूर्वा रावत एवं वैशाली नेगी द्वारा विशेष योगदान दिया गया।

प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित करते अतिथिगण।

निदेशक संचार